# पाठ - 11

# सुनीता

---

## दिल की बात बताओ

**Q1. तुम्हे क्या लगता हैं पृथ्वी कैसी है? अपनी कॉपी में चित्र बनाओ। इसमें तुम कहाँ हो, यह भी दिखाओ अपने साथियों के बनाए चित्रों को भी देखों।**

**उत्तर :** हमारी पृथ्वी संतरे के समान गोल है।

## तुम्हें क्या लगता है?

**Q1. हम धरती पर कैसे टिके होंगे? अगर पृथ्वी ग्लोब जैसी है तो हम गिरते क्यों नही?**

**उत्तर :** पृथ्वी पर हम गुरुत्वाकर्षण के कारण टिके रहते हैं और हम गिर नहीं पाते।

**Q2. क्या अर्जेंटीना के लोग उल्टे खड़े हैं?**

**उत्तर :** अर्जेंटीना के लोग भी हम लोगों की तरह खड़े रहते हैं।

## फोटो देखो और लिखो

**Q1. अंतरिक्ष में सुनीता के बाल खड़े क्यों रहते होंगे? बाल नीचे क्यों नहीं बैठते थे?**

**उत्तर :** जब हम अंतरिक्ष में जाते हैं तो गुरुत्वाकर्षण बल शून्य हो जाता है इसलिए सुनीता के बाल खड़े थे और बैठते नहीं थे।

**Q2. सुनीता के इन सब चित्रों को देखो और बताओ कि उनमें कब, क्या-क्या होता दिख रहा है?**


यह खाना कहाँ उड़ा जा रहा है! (11-12-2006)


बाल खड़े के खड़े काम करते हुए भी न करें परेशान (13-12-06)

**उत्तर :**

| तिथि 9.12.2006 | अंतरिक्ष यान उडान भरा। |
|---|---|
| 11.12.2006 | अंतरिक्ष यात्री तैरने लगे।। |
| 11.12.2006 | अंतरिक्ष यात्रियों ने भोजन किए। |
| 12.12.2006 | सुनीता काम कर रही है। |

## क्लास बानी अंतरिक्ष यान

**Q1. क्या एक जगह बैठ भी पा रहे हो?**

**उत्तर :** नहीं हम क्लास में बैठ नही पा रहे हैं।

**Q2. बालों का क्या हाल है?**

**उत्तर :** बाल भी उपर की ओर खड़े हैं।

**Q3. अरे भई, बस्ता और किताबें कहाँ घूम रही हैं?**

**उत्तर :** बस्ता और किताबें भी तैर रही हैं।

**Q4. और टीचर क्या कर रही है? उनकी चॉक का क्या हुआ?**

**उत्तर :** टीचर भी तैर रही हैं और वो चॉक पकड़ने की कोशिश कर रही हैं।

**Q5. आधी छुट्टी में खाना कैसे खा पाए? पानी कैसे पिया? बॉल उछाली तो क्या हुआ?**

**उत्तर :** तैरते-तैरते पूरी खायी और पानी के बुलबुले पिए। बॉल उछाली तो वो भी तैरने लगी।

**Q6. चित्र बनाकर या एक्टिंग करके यह सब बताओ।**

**उत्तर :** स्वयं करे |

## फोटो को देखो और बताओ

**Q1. क्या भारत को पहचान पा रहे हो?**

**उत्तर :** हाँ, भारत को पहचान पा रहा हूँ।

**Q2. क्या कोई जगह पहचान पा रहे हो?**

**उत्तर :** हाँ, श्रीलंका को पहचान पा रहा हूँ।

**Q3. देखो, समुद्र कहाँ-कहाँ है?**

**उत्तर :** समुद्र नीले भाग में है।

**Q4. ग्लोब और इस फोटो में क्या मिलता-जुलता है? कोई फर्क भी दिखता है?**

**उत्तर :** ग्लोब और फोटो में समानता यह है कि इस फोटो में जमीन तथा समुद्र में अंतर स्पष्ट है। अंतर यह है कि इस फोटो में देशों तथा जगहों को पहचानना मुश्किल है जबकि ग्लोब में देशों को आसानी से पहचाना जा सकता है।

**Q5. क्या सुनीता अंतरिक्ष से भारत, पाकिस्तान, नेपाल और बर्मा को अलग-अलग बता सकती थी?**

**उत्तर :** मैं समझती हूँ, नहीं। वह अंतरिक्ष से इन देशों को अलग-अलग नहीं बता सकती थी। अपने ग्लोब को देखो

## अपने स्कूल के ग्लोब मैं देखो और बताओ

**Q1. क्या भारत को ढूंढ पाये? और क्या-क्या देखा?**

**उत्तर :** हाँ, मैं भारत को ग्लोब में ढूंढ पाया। इसके अलावा समुद्र, तथा और कई देशों को देखा।

**Q2. देखो इसमें समुद्र कहाँ-कहाँ दिख रहा है?**

**उत्तर :** इसमें भारत के दक्षिण में, पूरब में तथा पश्चिम में मुझे समुद्र दिख रहा है।

**Q3. इसमें कौन-कौन से देश तुम देख पाये?**

**उत्तर :** इसमें मैने पाकिस्तान, चीन, आस्ट्रेलिया, जापान, श्रीलंका, आदि देशों को देखा।

**Q4. भारत जिन देशों के साथ क्रिकेट मैच खेलता है क्या उनमें से कुछ को देख पाए? जैसे इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका।**

**उत्तर :** हाँ, मैं उन देशों को भी देख पाया जिनके साथ भारत क्रिकेट मैच खेलता है।

**Q5. और क्या क्या देखा?**

**उत्तर :** स्वयं करे |

## अपने देश के नक्शे को देखो और बताओ

**Q1. क्या तुम अपने राज्य को पहचान पाए? नक्शे पर उसका नाम लिखो।**

**उत्तर :** हाँ, मैं अपने राज्य को पहचान पाया।

**Q2. तुम्हारे राज्य से लगे हुए कौन-से राज्य हैं?**

**उत्तर :** हमारे राज्य से लगे हुए राज्य हैं-उत्तर:प्रदेश, हरियाणा, तथा उत्तर:ांचल।

**Q3. क्या तुम कभी किसी और राज्य में गए हो?**

**उत्तर :** हाँ, मैं दूसरे राज्यों में गया हूँ, जैसे बिहार, उत्तर: प्रदेश।

**Q4. शाहमीर यह सोचता है कि राज्यों के बीच में जमीन पर लाइन बनी होती है तुम इस बारे में क्या सोचते हो।**

**उत्तर :** दो राज्यों के बीच जमीन पर कोई लाइन नहीं बनी होती। ये केवल नक्शे पर ही खिंची होती है।

## सोचो


**Q1. क्या चाँद सिक्के की तरह चपटा होगा या बॉल की तरह गोल?**

**उत्तर :** चाँद बॉल की तरह गोल होता है।

**Q2. आज रात चाँद को देखो और उसका चित्र बनाओ। एक हफ्ते बाद कैसा दिखता है और 15 दिन बाद कैसा दिखता है, उसका चित्र बनाओ।**

| आज की तारीख ________ | एक हफ़्ते बाद की तारीख ________ | 15 दिन बाद की तारीख ________ |
|---|---|---|
| | | |

**उत्तर :**



| आज की तारीख | एक हफ्ते बाद की तारीख | 15 दिन बाद की तारीख |
|---|---|---|
| 2-2-2009 | 9-2-2009 | 17-2-2009 |

## पता करो

**Q1. अगली पूर्णमासी कब है? उस दिन चाँद किस समय निकलेगा? कैसा दिखेगा?**

**उत्तर :** अगली पूर्णमासी 5 तारीख को है। उस दिन चाँद शाम में ही निकलेगा। चाँद पूरा गोल दिखेगा।

**Q2. चाँद से जुड़े कौन-कौन से त्योहार मनाए जाते है?**

**उत्तर :** कड़वा चौथ तथा पूर्णिमा के अवसर पर मनाये जाने वाले त्योहार चाँद से जुड़े हैं। ईद भी चाँद से जुड़ा त्योहार है।

## अभ्यास

**Q1. दिल्ली में कुछ दिनों तक चाँद के निकलने और डूबने का समय तालिका में दिया गया है।**

| तारीख | चाँद निकलने का समय<br>घंटा : मिनट | चाँद डूबने का समय<br>घंटा : मिनट |
|---|---|---|
| 28-10-2007 | 19:16 | 08:5 |
| 29-10-2007 | 20:17 | 10:03 |
| 30-10-2007 | 21:22 | 11:08 |
| 31-10-2007 | 22:29 | 12:03 |

**(i) 28 अक्तूबर को चाँद शाम के ............ बजकर ............ मिनट पर निकला।**

**(ii) 29 अक्तूबर को चाँद शाम के ............ बज कर ............ मिनट पर निकला।**

**(iii) 29 अक्तूबर को चाँद निकलने में ............ घंटे ............ मिनट का फर्क आया।**

**(iv) अगर तुमने आज शाम को सात बजे चाँद निकलते देखा तो क्या कल भी ठीक सात बजे चाँद देख पाओगे?**

**(v) 31 अक्तूबर को चाँद डूबने का समय 12:03 दिया है। क्या तुमने कभी दिन के बारह बजे चाँद देखा है? दिन में हमें चाँद-तारे आसानी से क्यों नहीं दिखते?**

**उत्तर :**

(i) अक्तूबर को चाँद शाम के 19 बजकर 16 मिनट पर निकला।

(ii) 29 अक्तूबर को चाँद शाम के 20 बज कर 22 मिनट पर निकला।

(iii) 29 अक्तूबर को चाँद निकलने में 1 घंटे 6 मिनट का फर्क आया।

(iv) नहीं, चाँद के निकलने का समय प्रत्येक दिन बदलता रहता है।

(v) दिन की रोशनी में चाँद-तारे की रोशनी छुप जाती है इसलिये हमें दिन के समय में चाँद-तारे नहीं दिखाई देते हैं।

## हम क्या समझे

**Q1. बच्चे फिसल पट्टी (स्लाइड) पर नीचे की ओर ही क्यों फिसलते हैं, नीचे से ऊपर क्यों नहीं?**

**उत्तर :** बच्चे फिसल पट्टी पर ऊपर से नीचे की ओर गुरूत्वाकर्षण के कारण फिसलते हैं। चूँकि गुरूत्व बल ऊपर से नीचे की ओर ही लगता है, इसलिए बच्चे फिसल पट्टी (स्लाइड) पर नीचे से ऊपर की और नहीं जाते हैं।

**Q2. अगर यह फिसलन सुनीता के अंतरिक्ष यान में पहुँच जाए तब क्या ऐसे फिसल सकेंगे? क्यों?**

**उत्तर :** नहीं। अगर यह फिसनल सुनीता के अंतरिक्ष यान में पहुँच जाए तब भी ऐसे नहीं फिसल सकेंगे, क्योंकि अंतरिक्ष यान में लगभग शून्य गुरुत्व होता है।

**Q3. तारे रात में ही क्यों दिखते हैं?**

**उत्तर :** चूँकि दिन में सूर्य की रोशनी अत्यधिक होती है, इसलिए तारे रात में ही दिखाई देते हैं।

**Q4. सुनीता विलियम्स ने पृथ्वी को देखकर कहा-“यहाँ से अलग-अलग देश नहीं दिखते। ये लाइनें तो कागज पर ही होती हैं। इससे तुम क्या समझे?**

**उत्तर :** चूँकि देशों की लाइनों मानवों द्वारा बनाई गई हैं, प्रकृति ने धरती पर कोई लाइन नहीं बनाई हैं। प्रकृति की नजर में हम सभी पृथ्वी के निवासी हैं।